MY TEAR SHEET RESULTS

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 28-10-2025 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP12 User: cci Time: 10-27-2025 22:07 Color:

THE ECONOMIC TIMES www.et.nbt.in

फटाफट खबरें

बॉण्ड में निवेश पर इंसेंटिव का प्रस्ताव

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** मार्केट रेगुलेटर सेबी (Sebi) ने बॉण्ड मार्केट में रिटेल निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक प्लान पेश किया है। सोमवार को सेबी की ओर से जारी कंसल्टेशन पेपर के मुताबिक बॉण्ड जारी करने वाली कंपनियों को सीनियर सिटीजन, महिलाओं और रिटेल निवेशकों जैसी कुछ खास कैटिगरी को इंसेंटिव देने की इजाजत मिल सकती है।

IOC का मुनाफा कई गुना उछला

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** पब्लिक सेक्टर की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC) का मुनाफा सितंबर तिमाही में कई गुना बढ़ गया है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 7,610 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने सिर्फ 180 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

'स्टार रेटिंग' पर सुनवाई से इनकार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें पर्यावरण के अनुकूल गाड़ियों को बढ़ावा देने और वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए पूरे देश में एक 'स्टार-रेटिंग सिस्टम' लागू करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने संजय कुलश्रेष्ठ की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि चूंकि यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए हम इसमें दखल नहीं देंगे।

Lenskart का IPO 31 को खुलेगा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** Lenskart Solutions ने सोमवार को अपने आने वाले IPO के लिए प्राइस बैंड 382-402 रुपये प्रति शेयर तय किया है। 7,278 करोड़ रुपये का यह IPO आम निवेशकों के लिए 31 अक्टूबर को खुलेगा और 4 नवंबर को बंद होगा। वहीं, सोमवार को मिली जानकारी के मुताबिक मार्केट रेगुलेटर सेबी से पांच और कंपनियों को इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) के जरिए फंड जुटाने की मंजूरी मिल गई है।

Vi को 'सुप्रीम' संजीवनी, बकाये पर केंद्र करेगा विचार



■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** वोडाफोन आइडिया (Vi) के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को कंपनी के 5,606 करोड़ रुपये के AGR बकाये पर फिर से विचार करने की इजाजत दे दी है। यह बकाया वित्त वर्ष 2016-17 का है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला सरकार का नीतिगत फैसला है और वो इस पर दोबारा गौर कर सकती है। एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (AGR) टेलीकॉम कंपनियों की वो कमाई होती है, जिसके आधार पर सरकार उनसे लाइसेंस फीस और स्पेक्ट्रम चार्ज वसूलती है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश वोडाफोन आइडिया की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। कंपनी ने टेलीकॉम विभाग (DoT) की तरफ से की गई AGR की नई मांगों को चुनौती दी थी। कंपनी का कहना था कि ये नई मांगें गलत हैं, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट अपने 2019 के फैसले में पहले ही कुल बकाये का हिसाब तय कर चुका है।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि अब वोडाफोन आइडिया में सरकार की 49% हिस्सेदारी है और कंपनी की सेवाओं पर करीब 20 करोड़ ग्राहक निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि इन हालातों को देखते हुए केंद्र सरकार कंपनी की तरफ से उठाए गए मुद्दों पर फिर से विचार करने को तैयार है, जिससे ग्राहकों के हितों की रक्षा हो सके। सोमवार को कंपनी के शेयर में चार फीसदी का उछाल आया।

दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय के आए आदेश पर कहा कि वह दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर यह मुद्दा सुलझाने के लिए तत्पर है। कंपनी ने बीएसई को दी गई सूचना में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कहा, यह एक सकारात्मक घटनाक्रम है। कोर्ट ने सरकार को एजीआर से संबंधित मुद्दों पर कंपनी की शिकायतों पर विचार करने की अनुमति दी है। हम इस मामले को हल करने के लिए दूरसंचार विभाग के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं।

मद्रास हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा- जिसकी वैल्यू है, वो संपत्ति है

क्रिप्टोकरंसी भी प्रॉपर्टी: हाई कोर्ट

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** क्रिप्टोकरंसी के मामले में एक अहम फैसला देते हुए मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि यह भले ही जमीन-जायदाद जैसी संपत्ति न हो और करंसी भी न हो, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि यह प्रॉपर्टी है। 25 अक्टूबर को दिए गए ऑर्डर में कोर्ट ने कहा कि यह ऐसी प्रॉपर्टी है, जिसे ट्रस्ट में रखा जा सकता है।

WazirX से जुड़े केस में सुनाया फैसला

क्रिप्टो एक्सचेंज WazirX के प्लैटफॉर्म Zanmai Labs से जुड़े 2024 के साइबर अटैक के मामले में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। आवेदक ने अपने 3532.30 XRP कॉइंस की होल्डिंग के प्रोटेक्शन का अनुरोध किया था। यूजर्स के अकाउंट फ्रीज कर दिए गए थे।

AI Image

यूजर्स के फंड की रक्षा होगी : एक्सपर्ट

■ **Murdex के CEO** एडुल पटेल ने कहा, 'मद्रास हाई कोर्ट की रूलिंग इनवेस्टर प्रोटेक्शन और ओनरशिप राइट्स की तस्वीर साफ करने के साथ ही एक्सचेंज फेलियर और फ्रॉड के खिलाफ कानूनी उपाय के लिहाज से एक बड़ा कदम है। इस जजमेंट से पहले प्लैटफॉर्म्स की ओर से अकाउंट फ्रीज किए जाने या फंड की हेराफेरी होने के मामलों में निवेशकों के पास सीमित उपाय थे। कई मामले ज्यूरिसडिक्शन या नियम साफ नहीं होने के आधार पर खारिज हो जाते थे।'

■ **QuillAudits के** को-फाउंडर और क्रिप्टो एक्सपर्ट रजत गहलोत ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में बिटकॉइन के बारे में भी इसी तरह की बात कही थी। ओवरऑल WazirX मामले में पीड़ित लोगों के लिए यह अच्छी खबर है। अदालतें अब इस दिशा में बढ़ सकती हैं और यूजर्स के फंड की रक्षा में मदद कर सकती हैं।'

'एक्सचेंज जिम्मेदार'

जस्टिस वेंकटेशन ने रूलिंग में कहा, 'इलेक्ट्रॉनिक रूप से रखी जाने वाली वर्चुअल डिजिटल असेट्स ट्रस्ट में रखे जाने लायक है, जिसमें फिड्यूसरी ड्यूटी ऐसी असेट्स के ओनर्स पर होती है।' Murdex के पटेल ने कहा, 'इस फैसले का मतलब यह है कि एक्सचेंज पर यूजर की होल्डिंग्स को बिना कानूनी प्रक्रिया के मनमाने ढंग से फ्रीज, रीडिस्ट्रिब्यूट या राइट ऑफ नहीं किया जा सकता। क्रिप्टोकरंसी को ट्रस्ट में रखे जाने लायक बताने का मतलब यह है कि कस्टोडियल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीधे तौर पर प्लैटफॉर्म्स पर होगी और उन्हें गवर्नेंस, ट्रांसपैरेंसी और क्लाइंट्स की असेट्स को अलग रखने के बारे में उन्हीं ऊंचे मानकों का पालन करना होगा, जो दूसरे वित्तीय संस्थान करते हैं।' उन्होंने कहा, 'निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए भारतीय अदालतें कदम उठा सकती हैं। विदेशी इकाइयां अपनी जिम्मेदारी से अब बच नहीं सकतीं।'

सेंसेक्स में 567 अंकों की तेज़ी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स 566.96 अंक (0.67%) की शानदार छलांग लगाकर 84,778.84 पर बंद हुआ। NSE का निफ्टी 170.90 अंक (0.66%) की बढ़त के साथ 25,966.05 पर बंद हुआ। BSE मिडकैप इंडेक्स में 0.72% और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.51% की बढ़त दर्ज की गई। सेक्टर की बात करें तो PSU बैंक इंडेक्स ने 2.76% की जोरदार तेजी के साथ सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। टेलीकम्युनिकेशन 2.37%, ऑयल एंड गैस 1.50%, एनर्जी 1.44%, रियल्टी 1.42%, टेक 0.88%, कमोडिटीज 0.79% और सर्विसेज 0.66% चढ़े। हेल्थकेयर सेक्टर में गिरावट रही। भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटरनल, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील और HDFC बैंक के शेयर सबसे ज्यादा चढ़ने वालों में शामिल रहे। वहीं, कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 1.74% की गिरावट के साथ सबसे बड़ा लूजर रहा।

GST सुधारों से वैश्विक चुनौतियों का असर घटेगा : वित्त मंत्रालय

इकॉनमिक रिव्यू: FY26 में बंपर ग्रोथ को भारत तैयार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** GST रेट घटाए जाने से देश में वस्तुओं और सेवाओं की मांग बढ़ने की उम्मीद है। इसका विभिन्न सेक्टरों में निवेश पर सकारात्मक असर पड़ेगा और रोजगार के ज्यादा अवसर बनेंगे। हालांकि वैश्विक स्तर पर बनी हुई अनिश्चितता का विदेश में डिमांड पर असर बना रहेगा। इसके चलते ग्रोथ में कमी का जोखिम है, लिहाजा सतर्कता बनाए रखनी होगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी मंथली इकनॉमिक रिव्यू में ये बातें कहीं।

■ **वैश्विक अनिश्चितता:** अमेरिकी टैरिफ का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए रिव्यू में कहा गया, 'व्यापार से जुड़ी प्रतिकूल नीतियों के असर के बावजूद पिछले कुछ महीनों में दुनियाभर में आर्थिक गतिविधियां अच्छी रही हैं। पहले जितना डर था, उसके मुकाबले इस साल ग्लोबल इकनॉमिक ग्रोथ बेहतर रहने की संभावना है।'

■ **ग्रोथ मजबूत:** 'इस वैश्विक अनिश्चितता के बीच मौजूदा वित्त वर्ष की

AI Image

दूसरी तिमाही में भारत की इकॉनमी ने रफ्तार बढ़ाई। यह इस मायने में खास है कि अमेरिका ने अगस्त में भारत पर ज्यादा टैरिफ लगा दिया था। GST सुधारों और त्योहारी सीजन के सेंटिमेंट्स के चलते कंजम्पशन बढ़ा है। वित्त वर्ष 2026 के लिए ग्रोथ आउटलुक दमदार बना हुआ है।

■ **महंगाई कम: :** रिव्यू में कहा गया, 'GST दरों में बदलाव सहित हाल में उठाए गए नीतिगत कदमों से मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई नरम रहने का अनुमान है।

■ **सतर्कता की बात:** रिव्यू में कहा गया, 'GST की कम दरों से उपभोक्ताओं और बिजनेसेज पर टैक्स का बोझ घटने के चलते कंजम्पशन बढ़ने और विभिन्न सेक्टरों में निवेश बढ़ने की उम्मीद है, जिससे इकॉनमी में रोजगार के ज्यादा मौके बनेंगे। इंडस्ट्रीज और सर्विसेज सेक्टर के अच्छे प्रदर्शन के साथ रोजगार की अच्छी स्थिति से डोमेस्टिक डिमांड और बढ़ेगी।' इसमें कहा गया, 'फिर भी वैश्विक अनिश्चितताओं के चलते सतर्कता जरूरी है क्योंकि इनसे विदेश में डिमांड पर असर बना रहेगा।

रिपोर्ट में अहम बातें

- **व्यापार और निवेश:** सर्विसेज एक्सपोर्ट दमदार, FDI भी बढ़ रहा है, जो भारत को एक आकर्षक डेस्टिनेशन बनाता है।
- **काबू में महंगाई :** सरकार के नीतिगत कदमों, खासकर GST दरों में सुधार से महंगाई काबू में रहने की उम्मीद है।
- **चिंता भी है:** वैश्विक सुस्ती और व्यापारिक अनिश्चितताओं को एक जोखिम बताया गया है, पड़ सकता है एक्सपोर्ट पर असर।

7 प्रोजेक्ट्स को केंद्र की हरी झंडी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने देश में इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स (पुर्जे) बनाने की स्कीम के तहत 5,532 करोड़ रुपये के सात बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी। सरकार को इस स्कीम के तहत कुल 249 प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से फिलहाल सात को चुना गया है। वैष्णव ने कहा, हमें उम्मीद है कि इन प्रोजेक्ट्स से देश का करीब 20,000 करोड़ रुपये का इंपोर्ट बिल कम होगा। सरकार का कहना है कि 5,532 करोड़ के कुल निवेश वाले सात प्रोजेक्ट्स से पांच हजार से ज्यादा रोजगार के मौके बनेंगे। जिन प्रस्तावों को मंजूरी मिली है उनमें मल्टी-लेयर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, कैमरा मॉड्यूल, कॉपर लैमिनेट्स और पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म्स बनाने के प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इनसे 36,559 करोड़ की कीमत वाले कंपोनेंट्स का निर्माण होगा। ये आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में शुरू होंगे। पीसीबी की 20 फीसदी और कैमरा मॉड्यूल की 15 फीसदी सब असेंबली डिमांड इन्हीं प्लांट के जरिए पूरी होगी।

चिप की कमी, बजट स्मार्टफोन जल्द हो सकते हैं महंगे: रिपोर्ट

2 मिनट में पढ़ें NBT

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इस साल की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) से सस्ते और मिड-रेंज स्मार्टफोन महंगे हो सकते हैं। ET के मुताबिक, इंडस्ट्री के जानकारों और मार्केट पर नजर रखने वालों का कहना है कि इसकी मुख्य वजह मेमोरी चिप्स की बढ़ती कीमतें हैं। इस वजह से फोन बनाने का कुल खर्च (इनपुट कॉस्ट) बढ़ गया है। TrendForce के मुताबिक, सस्ते और मिड-रेंज स्मार्टफोन में इस्तेमाल होने वाली मेमोरी चिप्स की सप्लाई घट रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि चिप बनाने वाली कंपनियां इनका प्रोडक्शन कम करके अपनी क्षमता को हाई-बैंडविड्थ मेमोरी (HBM) बनाने में लगा रही हैं। AI डेटा सेंटर का मार्केट तेजी से बढ़ने के कारण HBM की डिमांड आसमान छू रही है।

फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा, सप्लाई में रुकावट से बचने के लिए स्मार्टफोन कंपनियों ने चिप की खरीदारी तेज कर दी है। इससे मांग और सप्लाई का संतुलन और बिगड़ गया है, जिसके चलते चौथी तिमाही में LPDDR4X चिप की कीमतें 10% से ज्यादा बढ़ सकती हैं।

Counterpoint Research के एनालिस्ट पर्व शर्मा का कहना है कि चिप की कीमतों में बढ़ोतरी और कमी के पीछे सबसे बड़ी वजह AI सर्वर के लिए हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटर की बढ़ती मांग है। ज्यादातर मेमोरी प्रोडक्शन अब हाई-बैंडविड्थ मेमोरी (HBM) की तरफ शिफ्ट हो रहा है, जो AI कंप्यूटर्स के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि चिप बनाने वाली कंपनियों के लिए स्मार्टफोन के पार्ट्स सप्लाई करने के मुकाबले HBM बनाने में लागत और मुनाफा, दोनों काफी ज्यादा हैं। इसी तरह, स्मार्टफोन बनाने में इस्तेमाल होने वाला एक और जरूरी हिस्सा NAND फ्लैश स्टोरेज की कीमतों में भी बाजार के उतार-चढ़ाव के कारण तेजी देखी जा रही है। इससे कंपनियों पर लागत का दबाव और बढ़ गया है। TrendForce ने कहा, चौथी तिमाही में सभी तरह के NAND फ्लैश की कॉन्ट्रैक्ट कीमतों में 5-10% तक की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि मेमोरी और स्टोरेज की कीमतों में इस उछाल का नतीजा यह होगा कि या तो कंपनियां फोन के फीचर्स से समझौता करेंगी, या फिर इस बढ़े हुए खर्च का बोझ ग्राहकों पर डालेंगी।

गुमशुदा की तलाश

संजना उर्फ गुनगुन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक लड़की नाम **संजना उर्फ गुनगुन** पुत्री श्री मनोज, निवासी- मकान नंबर ई-73/बी-113, संजय कॉलोनी, गोकलपुरी, दिल्ली। उक्त लड़की अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 363/25 दिनांक 21.10.25 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 पुलिस थाना गोकलपुरी, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा लड़की की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा लड़की का विवरण इस प्रकार है:

नाम: संजना उर्फ गुनगुन, **लिंग:** लड़की, **उम्र:** 17 वर्ष 11 महीने, **ऊँचाई:** 4'9" ft, **रंग:** साँवला, **चेहरा:** गोल, **पहनावा:** ग्रे रंग की पैंट और मेहँदी हरे रंग की टी-शर्ट और काले रंग की हवाई चप्पल, **पहचान:** दाहिने हाथ पर एस.एस. का निशान। यदि किसी के पास इस गुमशुदा लड़की के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया थाना प्रभारी/गोकलपुरी, दिल्ली को सूचित करें।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/14323/NE/2025

थाना प्रभारी
थाना, गोकलपुरी, दिल्ली
फोन नं. 9555570846

गुमशुदा की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **आशिया खातून, पत्नी: सोहराब अली, निवासी: प्लॉट नंबर–1,2,3 जे–ब्लॉक, गली नंबर–2, शुभम वाटिका, छावला, नई दिल्ली जोकि दिनांक 10.10.2025 को रात 9:00 बजे से अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 95A, Dated 11.10.2025, पुलिस थाना छावला, नई दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:

नाम: आशिया खातून, उम्र: 33 वर्ष, कद: 5', रंग: सांवला, चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, पहनावा: प्रिंटेड काले रंग का सूट व सलवार।

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **छावला**, नई दिल्ली को संपर्क करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638 / 24368641, फैक्स: 011–24368639
DP/13891/DW/2025

थाना प्रभारी
पुलिस थाना छावला, नई दिल्ली
फोन: 7827718732, 8750871631

Maharashtra Airport Development Company Ltd.
CIN: U45203MH2002SGC136979
MADC

TENDER NOTICE

SELECTION OF AIRLINE OPERATOR

MADC invite Request for Proposals (RFP) from eligible airline operators to provide air connectivity services on Sindhudurg-Mumbai route on the basis of Regional connectivity scheme (RCS)–UDAN.

The detailed tender can be seen / downloaded from the website **www.mahatenders.gov.in from 28/10/2025** from 15.00 Hrs. **Sd/-**
Vice Chairman and Managing Director

राजस्थान सरकार
कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय, जयपुर
क्रमांक Actt/Machine with man /2025/1985 दिनांक :16/10/25

Notice Invitid E- Bid(2025-26)

Bids for rate contract for Machine With Man at Govt RDBP Jaipuria Hospital Jaipur are invited from interested bidders upto 5:00 PM Date: 28/10/25. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. **Sd/-**

UBN - MHS2526SLRC04504
Est Cost 170.00 Lacs
DIPR/C/15690/2025

PMO & MS
Govt. RDBP Jaipuria Hospital, Jaipur

उत्तर रेलवे

ई–निविदा (ई–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल ने ई–निविदा आमंत्रित।

कार्य का नाम	सहायक मंडल अभियंता / दिल्ली के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / कार्य / दिल्ली / लाइन के अनुभाग में सदर बाजार रेलवे स्टेशन से पुल बंगश–पुल ठकरिन, पुल ठकरिन से सदर बाजार रेलवे स्टेशन तक जल निकासी व्यवस्था में सुधार के लिए त्रिभुज क्षेत्र में आरसीसी नाली के निर्माण का शेष कार्य।
कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)	रु.1,58,70,502.45/– (रुपये एक करोड़ अठत्तरान लाख सत्तर हजार पांच सौ दो और पैंतालीस पैसे मात्र)
बयाना राशि (रुपये)	रु.2,29,400/– (रुपये दो लाख उनतीस हजार चार सौ मात्र)
निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)	रु.0.00
निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	17.11.2025 को 15:00 तक।
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध।
आर्वटन	29536203

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्ल्यू/280/ई–निविदा सूचना/37–2025–26/डब्ल्यू–3
दिनांक : 24.10.2025
3328/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

IFCI LIMITED
आई एफ सी आई लिमिटेड
(A Government of India Undertaking)

पंजीकृत कार्यालय : आईएफसीआई टॉवर, 61 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली – 110 019
फोन : 011–41732000 / 41792800
वेबसाईट : www.ifciltd.com
सीआईएन : L74899DL1993GOI053677

पैनल में शामिल होने के लिए अनुरोध (आरएफई)

आईएफसीआई लिमिटेड आईटी उत्पादों के डिजाइन, कार्यान्वयन, रखरखाव और व्यवसाय विकास के लिए पैनल पार्टनर्स के पैनल व आईटी से संबंधित गतिविधियों के लिए मैनपावर और मैनेज्ड सेवाओं हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

इच्छुक पार्टियां अधिक जानकारी के लिए वस्तुओं और सेवाओं की खरीद निविदाएं टैब के तहत www.ifciltd.com को देखें।

अंतिम तिथि – 28/11/2025
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28 अक्टूबर, 2025

हस्ता/–
विभाग प्रमुख
(सूचना प्रौद्योगिकी)

गुमशुदा व्यक्ति की तलाश

कालू

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम कालू **S/o** सजन **R/o** मकान नंबर एम–1, जेजे कॉलोनी सेक्टर–16ए, द्वारका, दिल्ली, **उम्र** 35 साल जो कि 27.09.2025 को अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No.104A दिनांक 27.09.2025** थाना द्वारका नॉर्थ, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:

रंग: सांवला, **कद:** 5'6", जिसने नीले रंग की टी–शर्ट, काले रंग की हाफ पैंट और चप्पल पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई–मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष: थाना द्वारका नॉर्थ, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-28031878, 28031879
7827973033

DP/13625/DW/2025

पहचान के लिए अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **रामजी, पुत्र: काली चरण, निवासी: आरसी–56, प्रशांत गार्डन, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** जिसे उनके रिश्तेदारों ने 12.10.2025 को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया था, जो अस्पताल प्रशासन को सूचित किए बिना ही चले गए थे। डॉक्टर ने मरीज को दिनांक: 16.10.2025 को एमएलसी संख्या 20250224364 के तहत मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **DD No. 125A, Dated: 16.10.2025** पुलिस थाना **आईपी एस्टेट, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। शव को पहचान के लिए एमएएमसी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। नीचे मृत व्यक्ति का हुलिया दिया गया है :

नाम: रामजी, उम्र: 61 वर्ष, कद: 5'8", चेहरा: गोल, रंग: गेहुंआ, शरीर: सामान्य, पहनावा: चेक हरे रंग की शर्ट और ग्रे रंग की पैंट।

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना आईपी एस्टेट, दिल्ली
फोन: 011-23370928, 8750870426
DP/14469/CD/2025

JAYPEE INFRATECH

जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: सेक्टर-128, नोएडा - 201304, उत्तर प्रदेश
सीआईएन: L45203UP2007PLC033119

सार्वजनिक सूचना

ई–नीलामी हेतु आमंत्रण – मिक्स्ड–यूज भूखंड में लीजहोल्ड अधिकारों का हस्तांतरण

जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) समत्त वित्तीय लेनदारों (एएकसी) की ओर से इच्छुक पक्षों को सेक्टर 22बी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र (पीडा), जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश ("संपत्ति") में स्थित लगभग 49.99 एकड़ मिक्स्ड–यूज भूखंड पर लीजहोल्ड अधिकारों के हस्तांतरण/असाइनमेंट हेतु ई–नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है।

यह लेन–देन बोली प्रक्रिया दस्तावेज (बीपीडी) की शर्तों के अनुसार, "जहाँ है जैसा है", "जो है वही है" और "आश्रय रहित" आधार पर किया जाएगा।

प्रमुख नीलामी विवरण:

शीर्षक	विवरण
स्थान	सेक्टर 22बी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास क्षेत्र (पीडा), जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।
भूमि क्षेत्रफल	लगभग 49.99 एकड़
हस्तांतरण का प्रकार	पट्टा अधिकार
हस्तांतरण का माध्यम	ई–नीलामी
नीलामी की तिथि	01-दिसम्बर-2025
निविदा दस्तावेज राशि (बीपीडी)	रु. 5.00 लाख (अप्रतिदेय)
बेंचमार्क मूल्य	रु. 510.00 करोड़
बयाना राशि	रु. 10.00 करोड़

कैसे भाग लें:

नीलामी की शर्तों का विवरण देने वाला **बोली प्रक्रिया दस्तावेज (बीपीडी)** एनारॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, एएमसी के प्रक्रिय सलाहकार और कोई अन्य सहायता निम्नलिखित से प्राप्त किया जा सकता है:

संपर्क व्यक्ति: राहुल कपिल
ईमेल: rahul.kapil@anarock.com
फ़ोन नंबर: +91-9810433398

महत्वपूर्ण अस्वीकरण:

बोली प्रक्रिया: एएमसी के दावों को पूरा करने के लिए समाधान योजना के एक भाग के रूप में भूमि का मुद्रीकरण किया जा रहा है। जेआईएल अपनी परिसंपत्ति मुद्रीकरण समिति परिवेक्षण में एक फैसिलिटेटर के रूप में कार्य करता है। नीलामी प्रक्रिया की अन्य सभी शर्तें बोली प्रक्रिया दस्तावेज द्वारा शासित होंगी।

दिनांक: 28-अक्टूबर-2025
स्थान: नोएडा

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की ओर से

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण) उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली निम्न लिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

1	कार्य का नाम	बिजयासन में कोचिंग एवं फ्रेट टर्मिनल के विकास के संबंध में रनिंग रूम, कार्यालय ब्लॉक, सिक लाइन शेड, वाशिंग लाइन, व्हील शेड, पावर कार शेड और अन्य सेवा भवनों का विद्युतीकरण तथा सबस्टेशन कार्य सहित अन्य संबद्ध विद्युत कार्य।
2	कार्य समापन अवधि	12 महीने
3	अनुमानित लागत	₹ 7,90,77,151.73/-
4	धरोहर राशि	₹ 5,45,400/-
5	ई–निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि व समय	निविदा दिनांक 19.11.2025 समय 11:30 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 19.11.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी।
6	निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी	विस्तृत निविदा सूचना उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा पत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 05.11.2025 से 19.11.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा पत्र में दिये गये हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

संख्या: 17–वि०/उप मु० वि० अभि०/सी०/टी०/160C दिनांक : 27.10.2025 3333/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गुमशुदा लड़की की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** मुस्कान, **पुत्री:** खुर्शीद अली, **निवासी:** मकान नंबर 87, गली नंबर 06, शंकर नगर, कृष्णा नगर, नई दिल्ली, **उम्र:** 16.5 साल, **कद:** 5 फुट, **चेहरा:** गोल, **रंग:** गोरा, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** गुलाबी रंग का कुर्ता और काली पतलून पहने हुए, दिनांक **09.10.2025** को **दोपहर 02:00 बजे** से अपने घर के क्षेत्र, **थाना अन्तर्गत कृष्णा नगर, नई दिल्ली** से लापता है। इस संदर्भ में **FIR No. 548/25, U/S 137 (2) BNS, dated 09.10.2025 थाना अन्तर्गत कृष्णा नगर, नई दिल्ली** में दर